केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

दिनांक:08/11/2023

केमाशिबो/क्षे.का.विज/हिंदी.प्रकोष्ठ/रिपोर्ट/2023

सेवा में,
संयुक्त सचिव (प्रशा व विधि)
केमाशिबो., न.2 सामुदायिक केन्द्र
प्रीत विहार, दिल्ली -110092.

विषय-केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, विजयवाड़ा में आयोजित हिंदी पखवाड़ा 2023 की रिपोर्ट।

राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता एवं इसके प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हिंदी दिवस (14 सितंबर) के अवसर पर केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, विजयवाड़ा में दिनांक 14.09.2023 से 27.09.2023 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। दिनांक 14.09.2023 को निर्धारित समय पर कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा हिंदी पखवाड़ा का शुभारम्भ 2023 किया गया। इसके बाद क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलायी गई एवं आगामी हिंदी गतिविधियों की घोषणा की। क्षेत्रीय अधिकारी महोदय ने अपने अभिवादन वक्तव्य में कार्यालय में हिंदी के अधिक प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि कार्यालयी कार्य में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने का प्रयास किया जाए। क्षेत्रीय अधिकारी महोदय ने मुख्यालय द्वारा जारी राजभाषा संबधित विविध दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि इन दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए हर एक कर्मचारी को हिंदी में कार्य करना है। पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए क्षेत्रीय अधिकारी महोदय ने कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना सुनिश्चित करें एवं जिसका विवरण निम्नलिखित है-

| क्र.सं. | कार्यक्रम/प्रतियोगिता का नाम | आयोजन की तिथि | आयोजन का समय |
|---|---|---|---|
| 1. | राजभाषा प्रतिज्ञा | 14.09.2023 | 11:00 बजे (पूर्वाहन) |
| 2. | हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन | 20.09.2023 | 03:00 बजे (अपराहन) |
| 3. | हिंदी टंकण प्रतियोगिता | 22.09.2023 | 03:00 बजे (अपराहन) |
| 4. | हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता | 25.09.2023 | 03:00 बजे (अपराहन) |
| 5. | हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता | 27.09.2023 | 03:00 बजे (अपराहन) |

हिंदी पखवाड़े के दौरान सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अनुसार हिंदी संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। तत्संबंधी ब्यौरा निम्नवत प्रस्तुत किया जाता है।

उपरोक्त वर्णित प्रतियोगिताओं के संबंध में सहायक सचिव को निर्णायक/ प्रतिष्ठित हिंदी प्राध्यापक 02 निर्णायक मंडल की भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया गया था जिनकी जानकारी निम्नानुसार है-

| क्रम.स. | निर्णायकर्ता का नाम | कार्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री पेरिसेटटी श्रीनिवास राव | वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, माचवरम, विजयवाड़ा-4, 520004. |
| 2. | श्रीमति ए. वी. लक्ष्मी | सदस्य सचिव, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नराकास (बैंक) विजयवाड़ा |

पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं एवं विजेता प्रतिभागियों का ब्यौराः

| क्र.स. | दिनांक | प्रतियोगिता का नाम | विजेता का नाम | परिणाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20.10.2023 | हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन | कुनिधि श्रीवास्तव .<br>श्री सोयेन्द्र<br>श्री सचिन कुशवाहा<br>श्री हीरालाल<br>श्री दिव्यरंजन पटनायक | प्रथम<br>द्वितीय<br>तृतीय<br>सांत्वना प्रथम<br>सांत्वना द्वितीय |
| 2 | 22.10.2023 | हिंदी टंकण (कंप्यूटर पर) | कु .निधि श्रीवास्तव<br>श्री हीरालाल<br>श्रीमति रेनू<br>श्री सोयेन्द्र<br>श्री सचिन कुशवाहा | प्रथम<br>द्वितीय<br>तृतीय<br>सांत्वना प्रथम<br>सांत्वना द्वितीय |
| 3 | 25.10.2023 | हिंदी निबंध लेखन | कुनिधि श्रीवास्तव .<br>श्री सोयेन्द्र<br>श्री हीरालाल<br>श्रीमति रेनु | प्रथम<br>द्वितीय<br>तृतीय<br>सांत्वना प्रथम |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | श्री दिव्यरंजन पटनायक | सांत्वना द्वितीय |
| 4 | 27.10.2023 | हिंदी कविता पाठ | कुनिधि श्रीवास्तव .<br>श्री सकला कृष्णा साई<br>श्री हीरालाल<br>श्रीमति रेनू<br>श्री सोयेन्द्र | प्रथम<br>द्वितीय<br>तृतीय<br>सांत्वना प्रथम<br>सांत्वना द्वितीय |

निर्धारित मानदंडों के अनुसार किसी भी प्रतिभागी को एक से अधिक पुरस्कार की राशि प्रदान नहीं की जा सकती है इसलिए पुरस्कार राशि का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र .सं. | विजेता का नाम | कुल प्रतियोगिताओं में विजेता | | | | | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | टिप्पण | निबंध | कविता | टंकण | उच्चतम | |
| 1 | कु .निधि श्रीवास्तव | प्रथम | प्रथम | प्रथम | प्रथम | प्रथम | 5000 |
| 2 | श्री सोयेन्द्र | द्वितीय | द्वितीय | सांत्वना | सांत्वना | द्वितीय | 3000 |
| 3 | श्री हीरालाल | सांत्वना | तृतीय | तृतीय | द्वितीय | द्वितीय | 3000 |
| 4 | श्री सकला कृष्णा साई | - | - | द्वितीय | - | द्वितीय | 3000 |
| 5 | श्री सचिन कुशवाहा | तृतीय | - | - | सांत्वना | तृतीय | 2000 |
| 6 | श्रीमति रेनू | - | सांत्वना | सांत्वना | तृतीय | तृतीय | 2000 |
| 7 | श्री दिव्यरंजन पटनायक | सांत्वना | सांत्वना | - | - | सांत्वना | 1000 |
| **कुल राशि** | | | | | | | **19,000/-** |

सभी विजेताओं को उनकी पुरस्कार राशि जो कि कुल 19,000/- रुपये एनईएफटी के माध्यम से उनके खाते में भेजी गई है।

**पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोहः**

समापन सह कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 27.09.2023 को किया गया इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सह निर्णायकर्ता के रूप में श्रीमति ए. वी. लक्ष्मी, सदस्य सचिव, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नराकास बैंक विजयवाड़ा को आमंत्रित किया गया। कविता पाठ प्रतियोगिता के उपरान्त प्रतिभागियों

को संम्बोधित करते हुए निर्णयकर्ताओं ने उनकी सहभागिता की सराहना की। पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों की उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य सम्बन्धित विषय-विशेषज्ञ द्वारा सम्पन्न कराया गया एवं विजयी प्रतिभागियों की सूची तैयार की गयी। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। इस समारोह को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय अधिकारी महोदय ने कहा कि भारत सरकार, गृह विभाग द्वारा जारी किए गये दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यालय में हिन्दी के उत्तरोत्तर प्रयोग को सुनिश्चित करना अनिवार्य है। अत: सभी कर्मचारियों का यह दायित्व है कि वे हिंदी का प्रयोग न केवल बोल-चाल में बल्कि कार्यालयी कार्यों के निष्पादन में भी अधिक से अधिक सुनिश्चित करें ताकि वार्षिक-कार्यक्रम में दिये गये लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। क्षेत्रीय अधिकारी महोदय ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उपस्थित अन्य कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे भी अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में भाग लें और यह आश्वासन दिया कि आगे भी हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
उक्त कार्यक्रम के फोटो इस रिपोर्ट के साथ संलग्नित हैं।

भवदीय,
निर्मला एस

श्रीमती एस. निर्मला,
सहायक सचिव, प्रशासन एवं गोपनीय शाखा

निशा चौहान 08/11/23

राजू मीणा 08/11/23 उ.स.